राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–237/2023

राज्यपाल ने राज्यस्तरीय संस्कृत सप्ताह समारोह का शुभारम्भ किया

पटना, 28 अगस्त, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने संस्कृत भारती, बिहार प्रांत के तत्वाधान में आयोजित राज्यस्तरीय संस्कृत सप्ताह समारोह का शुभारम्भ राजभवन के दरबार हॉल में किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा अत्यंत पुरातन है तथा इसका हमारे जीवन में काफी महत्व है। हमारी संस्कृति से संस्कृत का काफी गहरा नाता है। यह हमारी अपनी भाषा है तथा इसने हमें ज्ञान–विज्ञान में उन्नत बनाया है एवं वसुधैव कुटुम्बकम् के भाव के साथ विश्व को देखने की दृष्टि दी है। उन्होंने इसके प्रचार–प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि संस्कृत के सहज एवं सरल शब्दों का प्रयोग कर हम इसे लोकभाषा बना सकते हैं।

कार्यक्रम के बाद राज्यपाल ने राज्य स्तरीय संस्कृत शोभा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षों की रक्षा का संदेश देते हुए राजभवन परिसर में अवस्थित कल्पवृक्ष को राखी भी बाँधी।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री आर०एल० चोंग्थू, संस्कृत भारती के अखिल भारत प्रचार प्रमुख श्री शिरीषदत्तात्रेय भेडसगावर एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....